DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS---- हिन्दुस्तान नई दिल्ली, रविवार, 14 दिसंबर 2025 ----DATED----

## पीएम उदय योजना के लिए आज कैंप लगेंगे

पीएम उदय योजना के तहत डीडीए रविवार को विभिन्न इलाकों में सिंगल विंडो कैंप लगाएगा। फेज-2 के इन कैंपों में नए पंजीकरण, आवेदन भरने और योजना से जुड़े आवश्यक दस्तावेज तैयार कराने में निवासियों को सहायता प्रदान की जाएगी।

# हॉट एयर बैलून की सुविधा तीन और स्थानों पर मिलेगी

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** दिल्ली के नागरिकों और पर्यटकों के लिए अच्छी खबर है। बांसेरा पार्क के बाद अब दिल्ली विकास प्राधिकरण अगले महीने से तीन और स्थानों पर हॉट एयर बैलून की सुविधा शुरू करने जा रहा है। डीडीए की वेबसाइट पर लोग इसके ऑनलाइन टिकट भी बुक करा सकेंगे।

डीडीए कॉमनवेल्थ गेम्स विलेज खेल परिसर, सूरजमल विहार स्थित यमुना खेल परिसर और असिता पूर्वी पार्क में हॉट एयर बैलून की सुविधा शुरू करने जा रहा है। इस संबंध में डीडीए अधिकारियों ने बताया कि तीनों नए स्थानों पर सभी दिनों में सुबह और शाम के समय दो से ढाई घंटे का स्लॉट होगा।

**■ डीडीए कॉमनवेल्थ गेम्स विलेज खेल परिसर समेत दो और स्थान चिह्नित**

एक बार में चार लोग हॉट एयर बैलून का लुत्फ उठा सकेंगे। इसकी राइड का समय लगभग सात से 12 मिनट का होगा। इसके टिकट का मूल्य तीन हजार रुपये तय किया गया है। सुविधा शुरू करने से पहले जल्द ही तीनों स्थानों पर बांसेरा पार्क की तरह ही परीक्षण किया जाएगा।

अधिकारियों ने बताया कि बीते महीने नवंबर के अंत में बांसेरा पार्क में हॉट एयर बैलून का सफल परीक्षण करने के बाद महज चार दिनों में लोगों के लिए इसकी सुविधा शुरू कर दी गई थी।

दैनिक जागरण
नई दिल्ली, 14 दिसंबर, 2025

## हाट एयर बैलून की सवारी तीन और जगह

**राब्यू, जागरण ● नई दिल्ली :** बांसेरा पार्क के बाद अब डीडीए अगले महीने से तीन और स्थानों पर हाट एयर बैलून की सुविधा शुरू करने जा रहा है। डीडीए की वेबसाइट पर लोग आनलाइन टिकट भी बुक करा सकेंगे। डीडीए कामनवेल्थ गेम्स विलेज खेल परिसर, सूरजमल विहार स्थित यमुना खेल परिसर और असिता पूर्वी पार्क में हाट एयर बैलून की सुविधा शुरू करने जा रहा है। डीडीए अधिकारियों ने बताया कि टिकट का मूल्य तीन हजार रुपये तय किया गया है।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS- । नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । सोमवार, 15 दिसंबर 2025 ----------------DATED-------------------

# 19 दिसंबर से कर्मयोगी आवास योजना में रजिस्ट्रेशन होगा शुरू

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

डीडीए ने सरकारी कर्मचारियों के लिए पहली बार कर्मयोगी आवास योजना-2025 लॉन्च कर दी है। स्कीम का ब्रॉशर 19 दिसंबर को लॉन्च होगा। इसी दिन से स्कीम के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। स्कीम में वन बीएचके, टू बीएचके और थ्री बीएचके के 1169 नए फ्लैट्स उतारे गए है। सरकारी कर्मचारियों को 25 पर्सेंट तक डिस्काउंट पर फ्लैट्स मिलेंगे। यह स्कीम सिर्फ केंद्र सरकार, राज्य सरकार, पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग, पब्लिक सेक्टर बैंक, लोकल बॉडीज, ऑटोनोमस बॉडी, यूनिवर्सिटी और इसी तरह के सरकारी इंस्टिट्यूट्स के कर्मचारियों के लिए है।



**महत्वपूर्ण**

- ब्रॉशर लॉन्च और रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरूः 19 दिसंबर 2025
- बुकिंग शुरू होगीः 14 जनवरी 2026
- स्कीम बंद होगीः 31 मार्च 2026

**नरेला में हैं सभी फ्लैट्सः** स्कीम में सभी फ्लैट्स नरेला में है। पॉकेट-9, ए1 से ए4 में ये फ्लैट्स बनाए गए है। इसमें वन बीएचके के 320 फ्लैट्स हैं। इनकी कीमत 45.37 से 45.71 लाख रुपये तक है। डिस्काउंट के बाद यह कीमत 34.03 से 34.28 लाख के करीब होगी। टू बीएचके के 576 फ्लैट्स हैं। इनकी कीमत 1.06 से 1.17 करोड़ रुपये तक है। डिस्काउंट के बाद यह कीमत 79.81 से 88.16 लाख रुपये के करीब होगी। इसी तरह 3 बीएचके के 272 फ्लैट्स हैं। इनकी कीमत 1.52 से 1.69 करोड़ के करीब है। डिस्काउंट के बाद ये फ्लैट्स 1.14 से 1.27 करोड़ के करीब उपलब्ध होंगे।

---

हिन्दुस्तान
नई दिल्ली, सोमवार, 15 दिसंबर 2025

# आवास योजना का पंजीकरण 19 से

नई दिल्ली, वसं। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा कर्मयोगी आवास योजना के पंजीकरण 19 दिसंबर से शुरू होंगे । इसकी बुकिंग प्रकिया 14 जनवरी 2026 से शुरू होगी और 31 मार्च 2026 तक जारी रहेगी।

इसमें पहले चरण में नरेला के सेक्टर ए1 से ए4 पॉकिट नौ में तैयार कुल 1168 फ्लैट के लिए सभी कार्यरत सरकारी कर्मचारी, सेवानिवृत सरकारी कर्मचारी आवेदन कर सकेंगे।

इसमें इन सरकारी कर्मचारियों को फ्लैटों पर 25 फीसदी छूट मिलेगी। इसमें वन बीएचके के 320 फ्लैट, टू बीएचके के 576 फ्लैट और थ्री बीएचके के 272 फ्लैटों को केंद्र, राज्य सरकारों, पीएसयू और सेवानिवृत सरकारी कर्मचारी आवेदन कर सकेंगे।

## डीडीए की जनसुनवाई में आज हिस्सा ले सकेंगे

डीडीए से जुड़े विभिन्न मामलों को लेकर आज जनसुनवाई होगी। लोग डीडीए के अफसरों से आईएनए के पास स्थित डीडीए कार्यालय में दोपहर 2.30 से शाम 4.30 बजे के बीच मिल सकते। इसमें लोग डीडीए से संबंधित समस्याओं की शिकायत कर समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

---

दैनिक जागरण
नई दिल्ली, 15 दिसंबर, 2025

# सरकारी कर्मियों के लिए कर्मयोगी आवास योजना लांच

राज्य ब्यूरो, जागरण • नई दिल्ली: देशभर के सेवानिवृत्त और सेवारत सरकारी कर्मचारियों के लिए डीडीए ने रविवार को कर्मयोगी आवास योजना लांच की है। कर्मचारियों को 25 प्रतिशत की छूट भी मिलेगी। 19 दिसंबर से डीडीए वेबसाइट पर आनलाइन पंजीकरण शुरू किए जाएंगे। 14 जनवरी से श्रेणियों के अनुसार कर्मचारी फ्लैटों की बुकिंग करा सकेंगे।

अधिकारियों ने बताया कि नरेला के पाकेट नौ में सेक्टर-ए1 से ए4 में नए फ्लैट तैयार किए गए हैं। इसमें पूरी सोसायटी में 1168 फ्लैटों को शामिल किया गया है। इसमें थ्री बीएचके के एचआइजी फ्लैट, टू बीएचके के एमआइजी फ्लैट व एक कमरे के फ्लैटों को बनाया गया है। इसमें टू बीएचके के फ्लैट एक करोड़ रुपये व इससे अधिक व थ्री बीएचके के फ्लैट दो करोड़ रुपये से अधिक की कीमत के होने की संभावना है। अधिकारियों ने बताया कि इस आवासीय योजना में नरेला में कुछ पाकेट के सेक्टरों में साढ़े तीन हजार फ्लैटों को शामिल किया जाएगा।